PART - I

Paper Code

**P-3**

318383

| Q. No. | Total Marks | Obtained Marks |
|---|---|---|
| Unit-I-A | 10 | 5 |
| Unit-I-B | 25 | 8 |
| Unit-I-C | 40 | 15 |
| Unit-II-A | 10 | 8 |
| Unit-II-B | 25 | 18.5 |
| Unit-II-C | 30 | 18 |
| Unit-III-A-A | 10 | 2.5 |
| Unit-III-A-B | 10 | 1.5 |
| Unit-III-B-A | 10 | 5.5 |
| Unit-III-B-B | 10 | 5.5 |
| Unit-III-C-A | 10 | 5.25 |
| Unit-III-C-B | 10 | 3.5 |
| Total Obt. Marks in Figures | 200 | 96.25 |
| Total Obt. Marks in Words | | Ninety Six+ ¼ |

IDATE PLE
परीक्षार्थी
e Answer S
ten even in
words, num
e examinatio
for which t
र कहीं पर भी
( XYZ, ABC
अंक, आदि भी
की जाकर भवि
।

ANT INSTR
-Answer Boo
को प्रश्नोत्तर पु
n or not prin
gilator and ch
या अमुद्रित है
भ्यर्थी का होगा
rly on Cover S
o deduct 5 ma
कवर पृष्ठ पर
र आयोग द्वारा
s, in which so
Cover Sheet is
तिपय सूचनाएँ पूर्
से क्षतिग्रस्त नही
ferent units and
जित है। प्रत्येक
।
ke either of pr
treated as sta
मुद्रण या तथ्यात
nglish, not in b
Hindi or Englis
एक में दीजिये, द
ए अलग से हिंदी
ers only in the ... They should not write answer out side
de the border line will not be checked.
किसी भी प्रश्न का उत्तर प्रश्नोत्तर पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर ही लिखें। बॉर्डर लाईन से बाहर लिखे गये उत्तर को जाँचा नहीं जायेगा।
nswers beyond the prescribed limit of words, failing this, marks may be deducted.
से अधिक नहीं लिखना चाहिए, इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जा सकते हैं।
estion out of many and the candidate attempts more than one question then only
का विकल्प दिया गया है और परीक्षार्थी द्वारा एक से अधिक प्रश्न हल किये जाते हैं तो ऐसी
ा प्रश्नोत्तर पुस्तिका को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा उस पर किसी प्रकार
द्वारा उसकी संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।
candidate or any attempt is made to damage the answer script or any marking as
tion shall be cancelled by the Commission, for which candidate will be liable.

[illegible]

**CANDIDATE PLEASE READ CAREFULLY**

**परीक्षार्थी कृपया ध्यान से पढ़ें**

**Do not write any mark of identity inside the Answer Script (including Paper for rough work) i.e. Name, Address, Roll Number, Mobile Number etc. Not to be written even in the letter writing (XYZ, ABC etc. may be written) Name of God, any religious sign, any irrelevant sentence, words, number other than the answer of question must not be written. Such act will be treated as unfair means and entire examination of the Candidate shall be cancelled and he may be debarred by the RPSC from all the future examinations, for which the candidate will be liable.**

**प्रश्नोत्तर पुस्तिका (रफ कार्य के पृष्ठ सहित) के अंदर कहीं पर भी पहचान चिह्न यथा अपना नाम, पता, रोल नंबर, मोबाइल नंबर इत्यादि नहीं लिखें। यहां तक कि पत्रादि लेखन में भी नहीं लिखें ( XYZ, ABC अ ब स आदि लिखा जा सकता है)। कोई धार्मिक चिह्न, देवताओं के नाम, अनर्गल बातें, प्रश्नोत्तर से असंबंधित वाक्य, शब्द एवं अंक, आदि भी न लिखें। ऐसा करने पर आयोग द्वारा इसे अनुचित साधन अपनाने का कृत्य माना जायेगा तथा अभ्यर्थी की संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जाकर भविष्य में आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं से विवर्जित करने की कार्यवाही की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।**

## IMPORTANT INSTRUCTIONS (महत्वपूर्ण निर्देश)

(A) It should be ensured that the Question-Answer Booklet is provided in a sealed envelope to the candidate.
अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि अभ्यर्थी को प्रश्नोत्तर पुस्तिका सीलबंद लिफाफे में प्रदान की गई है।

(B) If the Question-Answer Booklet is torn or not printed properly or some pages are missing (Please count the number of pages) then bring it to notice of Invigilator and change the Question-Answer booklet, otherwise the candidate will be liable for that.
यदि प्रश्नोत्तर पुस्तिका कहीं से कटी–फटी या अमुद्रित है या पृष्ठ कम हैं (कृपया पृष्ठ गिन लें) तो अभिजागर के ध्यान में ला दें तथा उसे बदलवा लें, अन्यथा उसका दायित्व अभ्यर्थी का होगा।

(C) Please fill up all desired details properly on Cover Sheet of Question-Answer Booklet with **Blue Ball Point Pen** before answering.. The Commission may also deduct 5 marks from the marks obtained if Roll Number is not filled correctly on the Cover Sheet.
प्रश्नोत्तर पुस्तिका में प्रश्न हल करने से पूर्व कवर पृष्ठ पर सभी वांछित विवरण **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से सावधानीपूर्वक भरें। कवर पृष्ठ पर रोल नम्बर का त्रुटिपूर्ण अंकन करने पर आयोग द्वारा प्राप्तांकों में से 5 अंक काटे भी जा सकते हैं।

(D) This Cover Sheet consists of two parts, in which some information is pre-printed, remaining details have to be filled by the candidate. Please ensure that this Cover Sheet is not torn or damaged.
कवर पृष्ठ दो भागों में बंटा है, जिसमें कतिपय सूचनाएँ पूर्वमुद्रित हैं, शेष की पूर्ति अभ्यर्थी को करनी है। ध्यान रखें कि कवर पृष्ठ कहीं से कटे–फटे नहीं अथवा किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त नहीं हो।

(E) The question paper is divided into different units and parts. The number of questions to be attempted and their marks are indicated in each unit and parts.
प्रश्न–पत्र विभिन्न यूनिट एवं भागों में विभाजित है। प्रत्येक यूनिट एवं भाग में हल किये जाने वाले प्रश्नों की संख्या और उनके अंक उस यूनिट एवं भाग में अंकित किये गए हैं।

(F) If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English version of the question, the **English version will be treated as standard.**
यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी या अंग्रेजी रूपान्तरों में से **अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा।**

(G) Attempt answers either in **Hindi or English,** not in both. For Language Papers, answer in concerned language and script, unless directed otherwise to write in Hindi or English specifically.
उत्तर अंग्रेजी या हिन्दी भाषा में से किसी एक में दीजिये, दोनों में नहीं। भाषा विषयक प्रश्नों के उत्तर उनकी संबद्ध भाषा व लिपि में ही दिए जाएँ, जब तक कि प्रश्न विशेष के लिए अलग से हिंदी या अंग्रेजी में उत्तर देने के लिए न लिखा गया हो।

(H) Candidates are directed to write answers only in the prescribed space of booklet. They should not write answer out side the border line. Answer written out side the border line will not be checked.
अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि किसी भी प्रश्न का उत्तर प्रश्नोत्तर पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर ही लिखें। बॉर्डर लाईन से बाहर प्रत्युत्तर नहीं लिखें। बॉर्डर लाईन के बाहर लिखे गये उत्तर को जाँचा नहीं जायेगा।

(I) The candidates should not write the answers beyond the prescribed limit of words, failing this, marks may be deducted.
अभ्यर्थियों को उत्तर निर्धारित शब्द सीमा से अधिक नहीं लिखना चाहिए, इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जा सकते हैं।

(J) If there is a choice to attempt one question out of many and the candidate attempts more than one question then only first answer will be assessed.
यदि कई प्रश्नों में से कोई एक हल करने का विकल्प दिया गया है और परीक्षार्थी द्वारा एक से अधिक प्रश्न हल किये जाते हैं तो ऐसी स्थिति में प्रथम उत्तर ही जांचा जायेगा।

**विशेष नोट:**
**अभ्यर्थी द्वारा यदि कोई गलत सूचना दी जाती है या प्रश्नोत्तर पुस्तिका को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा उस पर किसी प्रकार का पहचान चिह्न अंकित किया जाता है, तो आयोग द्वारा उसकी संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।**

**Special Note:**
If there is any wrong information filled by the candidate or any attempt is made to damage the answer script or any marking as identification is done, then his entire examination shall be cancelled by the Commission, for which candidate will be liable.

## SPACE FOR ROUGH WORK

## PAPER – III
## GENERAL STUDIES & GENERAL KNOWLEDGE

**(Total 200 Marks)**
**(Total 48 Questions)**

**Unit – I** **(75 Marks)**
**(यूनिट – I)** **(75 अंक)**

**Part – A** **Marks : 10**
भाग – अ अंक : **10**

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **15 - 15** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं।

1. Explain 'Fraternity' as mentioned in the Preamble of the Constitution of India.
भारत के संविधान की उद्देशिका में उल्लिखित 'बंधुता' को स्पष्ट कीजिए।

बंधुता से तात्पर्य सभी ~~लोक~~ लोग (भारतीय) आपस में सद्भाव से कार्य करें। जाति, धर्म, सम्प्रदाय, क्षेत्रीयवाद की भावना से ऊपर उठकर राष्ट्रीय विकास में सहयोग दें तथा राष्ट्र में एकता व अखण्डता की स्थापना।

1.5(One½)
(Q.Unit-I-A-1)

2. What is the role of Election Commission in Article 103 of the Constitution of India?
भारत के संविधान के अनुच्छेद 103 में निर्वाचन आयोग की भूमिका क्या है?

103 के तहत ~~कि~~ लोकसभा सदस्यों के निर्वाचित को रद्द करने से संबंधित निर्णय राष्ट्रपति द्वारा निर्वाचन आयोग के परामर्श से ही सम्पन्न किए जाते हैं।

0.25(Zero¼)
(Q.Unit-I-A-2)

3. What are the key points of 'Abraham Accords'?
'अब्राहम समझौते' के मुख्य बिन्दु क्या हैं?

सितम्बर 2020 में UAE, बहरीन व इजराइल के मध्य हुआ समझौता (अमेरिका की मध्यस्थता के तहत), इसके तहत इजराइल को UAE व बहरीन ने एक राष्ट्र के रूप में मान्यता दी। महत्व :- शांति व्यवस्था स्थापित होगी, UAE व बहरीन को इजराइली तकनीक मिल सकेगी।

1.5(One½)
(Q.Unit-I-A-3)

4. What is 'THAAD'?
'थाड' क्या है?

यह अमेरिका मिसाइल डिफेंस सिस्टम है, जो मिसाइलों को ट्रेक कर डिस्ट्रॉय कर सकता है, यह विश्व के अत्याधुनिक डिफेंस सिस्टम में से एक। यह रूस के S-400 के प्रतिस्पर्धी के रूप में है।

0.75(Zero¾)
(Q.Unit-I-A-4)

5. Write four major issues discussed in G-20 Rome Summit 2021.
G-20 रोम शिखर सम्मेलन 2021 के चार प्रमुख मुद्दे लिखिए।

→ जलवायु जोखिम एटलस जारी किया गया।
→ 100B$ का जलवायु परिवर्तन से निपटने हेतु कोष का प्रस्ताव।
→ लघु व सीमांत किसानों से संबंधित समझौता
→ भारत द्वारा NSG में सदस्यता की मांग
→ भारत द्वारा One nation One Earth का प्रस्ताव।

1(One)
(Q.Unit-I-A-5 )

Needed some explanation

**Part – B**
भाग – ब

**Marks : 25**
अंक : 25

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **50 - 50** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक निर्धारित हैं।

6. "The first cabinet of Independent Indian was not of political character but of national character." Support or oppose the statement with facts only.
"आज़ाद हिंदुस्तान का पहला मंत्रिमंडल राजनीतिक चरित्र का नहीं बल्कि राष्ट्रीय चरित्र का था।" केवल तथ्यों के साथ कथन का समर्थन या विरोध कीजिए।

आजाद हिंदुस्तान के प्रथम मंत्रिमंडल में राष्ट्रीय आंदोलन के कारण राष्ट्रीयता के तत्वों का समावेश था, तात्कालिक समय में राजनीतिक हैसियत की बजाय राष्ट्रीयता के रहे पर अधिक बल दिया गया। जैसे भीमराव आम्बेडकर द्वारा विचारधारा के कारण इस्तीफा दे देना। क्योंकि तात्कालिक समय में सत्ता के लोभ से राजनीतिज्ञ मंत्री नहीं बने थे, बल्कि जनकल्याण के उद्देश्य से। हमारे तात्कालिक गृहमंत्री, कृषिमंत्री इंदिरा गांधी नहर परियोजना, परमाणु ऊर्जा ~~आयोग~~ विभाग की स्थापना, अपरा साराभाई परमाणु, विभिन्न स्टील के प्लांट ये सभी कार्य राष्ट्रीयता की प्रेरणा से ही संभव थे।

0 (Zero)
(Q.Unit-I-B-6)

7. Chief Justice Ramana said that the tendency to brand judicial review as judicial overreach is not correct. What does he mean?
मुख्य न्यायमूर्ति रामन्ना ने कहा है कि न्यायिक समीक्षा को न्यायिक अतिरेक के रूप में प्रदर्शित करने की प्रवृत्ति ठीक नहीं है। उनके इस कथन का क्या अर्थ है?

न्यायिक समीक्षा का तात्पर्य है, न्यायपालिका द्वारा विधायिका के द्वारा निर्मित कानूनों की समीक्षा करना, और यदि संवैधानिक प्रावधानों के

अनुकूल नहीं है, तो शून्य घोषित करना। ~~अनुकूल~~
और न्यायिक अतिरेक का तात्पर्य है, इसे
नकारात्मक रूप से लेना अर्थात् विधायिका व
कार्यपालिका के कार्यों में हस्तक्षेप करना। हाल ही
में BS-IV, पटाखों के बैन, पर्यावरणीय मानकों के
आधार पर विभिन्न विकास योजनाओं पर बैन,
लगाया गया, जो कि ~~अनुकूल~~ न्यायिक अतिरेक का उदाहरण
लाभ :- जनकल्याण (विशाखा गाइड लाइन) → पर्यावरण संरक्षण
(BS-IV), जनजागरूकता में वृद्धि, नकारात्मक :- शक्ति पृथक्करण)
के खिलाफ, विधायिका की छवि में कमी

8. Explain the constitutional provision to remove the President of India from his office.
भारत के राष्ट्रपति को पद से हटाने के सांविधानिक प्रावधान को स्पष्ट करें।

भारत के राष्ट्रपति को हटाने का उल्लेख अनुच्छेद
61 में (महाभियोग प्रक्रिया) किया गया है।
आधार :- संविधान का अतिक्रमण
प्रक्रिया :- 1/4 सदस्यों द्वारा संसद के किसी भी सदन में प्रस्ताव
लाया जा सकता है, ~~अ~~ → राष्ट्रपति को 14 पूर्व सूचना
आवश्यक। → एक सदन आरोप लगाता है, व दूसरा
जांच करता है। → ~~प्रथम~~ सद पहले सदन में सदन ~~के~~
के कुल सदस्यों के 2/3 बहुमत से प्रस्ताव पारित होना
आवश्यक, उसके पश्चात् दूसरे सदन में भी 2/3 सदस्यों
के बहुमत से पारित होना आवश्यक। (राष्ट्रपति अपना पक्ष
रख सकते हैं।) ~~इसके पश्चात~~ दोनों सदनों से प्रस्ताव पारित
होने पर राष्ट्रपति स्वतः हटे हुए मान लिए जाते हैं)

9. Explain the concept of 'one sun, one world, one grid'.
'एक सूर्य, एक विश्व, एक ग्रिड' की अवधारणा को स्पष्ट करें।

भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा दी गई अवधारणा

1(One) (Q.Unit-I-B-7)
0.5(Zero½) (Q.Unit-I-B-8)
0.25(Zero¼) (Q.Unit-I-B-8)
1(One) (Q.Unit-I-B-8)
0.5(Zero½) (Q.Unit-I-B-8)

1.25(One¼)
(Q.Unit-I-B-9)

जिसके अनुसार सभी राष्ट्रों को राष्ट्रीय भावना से ऊपर उठकर अंतर्राष्ट्रीयवाद की विचारधारा से कार्य करना चाहिए। तथा सूर्य से आने वाली विकिरणों से सौर ऊर्जा व पृथ्वी के पर्यावरण के संरक्षण पर बल देना चाहिए।

इसीलिए उन्होंने पंचामृत दिया।

→ भारत 2030 तक GDP की कार्बन तीव्रता को 45% तक कम करेगा।

→ 2030 तक 50% और जीवाश्म ईंधन से ऊर्जा क्षमता प्राप्त करेगा।

→ 500 GW ऊर्जा नवीनीकरणीय संसाधनों से।

→ 2030 तक 1 बिलियन टन कार्बन उत्सर्जन में कमी।

→ 2070 तक कार्बन न्यूट्रलिटी प्राप्त करना।

10. Describe the main features of First Assembly Election in Rajasthan, after independence.

स्वतंत्रता पश्चात्, राजस्थान में प्रथम विधानसभा चुनाव की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

स्वतंत्रता पश्चात् राजस्थान की प्रथम विधानसभा (29 फरवरी, 1952) में कांग्रेस को 82 सीटें व रामराज्य परिषद् को 24 सीटें तथा 35 निर्दलीय सीटें।

→ कुल 160 सीटों पर मतदान हुआ। जयनारायण व्यास चुनाव हार गए व हीरालाल शास्त्री ने चुनाव नहीं लड़ा। → टीकाराम पालीवाल प्रथम निर्वाचित मुख्यमंत्री बने। बाद में उपचुनाव में किशनगढ़ से जयनारायण व्यास जीत गए और उन्हें मुख्यमंत्री बनाया गया।

→ 1954 में विधायक दल की बगावत के कारण मोहनलाल सुखाड़िया सबसे युवा मुख्यमंत्री बने, जो कि 1971 तक रहे।

प्रथम विधानसभा चुनाव में सर्वाधिक उपचुनाव हुए।

3.5(Three½)
(Q.Unit-I-B-10)

Part – C
भाग – स

Marks : 40
अंक : 40

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **100** words each. Each question carries **10** marks.

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **100 - 100** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **10** अंक निर्धारित हैं।

11. Describe the features and evolution of Judicial Review in India.
भारत में न्यायिक पुनर्विलोकन की विशेषताओं एवं उद्‌विकास का वर्णन कीजिए।

भारत में न्यायिक पुनरावलोकन का उल्लेख संविधान में स्पष्टतः नहीं किया गया है। परन्तु संविधान के अनुच्छेद 13, 32, 226, 131, 132, 133, आदि न्यायिक पुनरावलोकन को बढ़ावा देते हैं। न्यायिक पुनरावलोकन से तात्पर्य है, न्यायपालिका द्वारा विधायिका व कार्यपालिका द्वारा ~~कि~~ बनाए गए नियमों व कानूनों की समीक्षा करना तथा यदि वे संविधान के अनुकूल नहीं हैं, तो उन्हें शून्य घोषित करना। ⇒ भारत में विधि की स्थापित प्रक्रिया को अपनाया गया ~~ह~~ था। जोकि जापान से ली गई है। परन्तु मेनका गाँधी वाद 1978 में न्यायपालिका ने इसका विस्तार करते हुए इसे विधि की सम्यक् प्रक्रिया पर कर दिया। → विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया में केवल यह देखा जाता है, कि कोई भी कानून ~~विधि~~ विधि।

या संवैधानिक प्रावधान में उल्लिखित प्रक्रिया से निर्मित है या नहीं। जबकि ~~न्यायिक~~ विधि की सम्यक् प्रक्रिया में यह भी देखा जाता है, कि कानून प्राकृतिक न्याय के अनुकूल है या नहीं। अर्थात् ककड़ी चोर को फांसी की सजा नहीं दी जा सकती। मेनका गांधी वाद में सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 21 के तहत प्राण व दैहिक स्वतंत्रता का विस्तार करते हुए कहा कि जीवन जीने का अर्थ पशुवत जीना व सांस लेना नहीं है, जबकि गरिमामय जीवन जीने से है, अर्थात् शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छ वातावरण आदि आवश्यक है।

12. Differentiate the working of Planning Commission and Niti Aayog and its impact on Indian Federalism.
योजना आयोग और नीति आयोग की कार्यप्रणाली में अंतर तथा भारतीय संघवाद पर उसके प्रभाव का वर्णन करें।

| योजना आयोग | नीति आयोग |
| --- | --- |
| → यह टॉप टू बॉटम एप्रोच पर कार्य करता था। | → यह बॉटम टू टॉप अप्रोच पर कार्य करता है। |
| → यह पंचवर्षीय योजनाएं तैयार करता था। | → यह 15 वर्षीय रोडमैप, विजन आदि तैयार करता है। |
| → इसके पास वित्तीय शक्तियाँ थी। | → इसके पास वित्तीय शक्तियाँ नहीं थी। |
| → यह केन्द्रीकरण के नजदीक अवधारणा | → यह विकेन्द्रीकरण पर बल देता है। |
| → एकात्मकता का लक्षण | → सहकारी संघवाद का लक्षण |
| → ~~[illegible]~~ थिंक टैंक के रूप में कार्य नहीं। | → यह थिंक टैंक के रूप में कार्य करता है। |
| → यह 2015 से पूर्व में था | → 1 जनवरी 2015 से अस्तित्व में। |
| → विशेषज्ञ इकाई नहीं। | → इसमें विशेषज्ञ समिति ... |
| → इसमें राष्ट्रीय विकास परिषद् के द्वारा अवलोकन | → इसके बोर्ड ऑफ गवर्नर, क्षेत्रीय परिषद द्वारा कार्य प्रणाली |

संघवाद प्रभाव :- नीति आयोग से सहकारी संघवाद को बल मिलेगा। राष्ट्रीय विकास में राज्यों व संघ के साझा दृष्टिकोण पर बल देता है। * यह गांवों के विकास के लिए निचले स्तर प्रशासनिक तंत्र पर बल देता है।
→ यह राज्यों को योजना निर्माण व क्रियान्वयन के संबंध में अधिक शक्तियाँ देता है। * यह वंचित वर्गों के विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निर्वहन करता है। 4(Four) (Q.Unit-I-C-12)
→ इसमें शासकीय परिषद का प्रावधान :- इसके अध्यक्ष नीति आयोग के अध्यक्ष व समस्त राज्यों के CM व UT के प्रशासक होंगे
→ इसमें बोर्ड ऑफ गवर्नर का प्रावधान :- इसमें भी राज्यों के CM
→ इसमें टीम इंडिया शाखा → यह विभिन्न मंत्रालयों व राज्यों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करेगा

13. Discuss the strategic role played by 'Quad' in the Indo-Pacific Region.
हिंद–प्रशांत क्षेत्र में 'क्वाड' की रणनीतिक भूमिका का विवेचन कीजिए।

QUAD (क्वाड) :- भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया व अमेरिका चार देशों का गठबंधन (क्वाड्रीलेटरल सिक्योरिटी डायलॉग)। इसकी अनौपचारिक शुरुआत 2004 में हुई, उसके पश्चात् 2007 में औपचारिक व 2017 में पुनर्जीवित हुआ। हाल ही में मार्च 2020 में वर्चुअल मीटिंग व सितम्बर 2021 में आ॰ मीटिंग हुई। जिसके तहत :- * हिन्द प्रशांत क्षेत्र में शांति व्यवस्था, * अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में सहयोग * आपदा प्रबंधन पर सहयोग * 5G तकनीक में

2(Two) (Q.Unit-I-C-13) 0.5(Zero½) (Q.Unit-I-C-13)

सहयोग पर चर्चा की गई। * साथ ही कोविड- 19 से प्रभावी तरीके से निपटने पर भी बल।

क्वाड का महत्व :- हिन्द-महासागर में नियम आधारित व्यवस्था बनाना स्थापित करना। (प्रशांत (इंडोपैसिफिक)) * आपदा प्रबंधन में भी सहयोग * चीन को प्रति संतुलित करना। * अंतरिक्ष व अन्य क्षेत्रों में सहयोग

चुनौतियाँ :- * इंडो पैसिफिक क्षेत्र को स्पष्टरूप से परिभाषित नहीं किया गया है। * चीन ने इसे एशियाई नाटो की संज्ञा दी है। * भारत रूस संबंधों में खटास * सदस्य देशों में आपसी विवाद - भारत-अमेरिका IPR विवाद व H1B वीजा विवाद। सुझाव :- * हिन्द प्रशांत क्षेत्र को स्पष्टत: परिभाषित किया जाए। * सचिवालय स्थापित किया जाए। * अन्य देशों को भी शामिल किया जाए।

2(Two)
(Q.Unit-I-C-13)

14. Give suggestions for effective working of Gram Sabha in Rajasthan.
राजस्थान में ग्राम सभा की प्रभावी कार्यप्रणाली के लिए सुझाव दीजिए।

• पंचायती राज अधिनियम 73 वें संविधान संशोधन द्वारा लागू किया गया। जिसमें अनुसूची 11 व अनुच्छेद 243 से 243(O) तक जोड़े गए। यह भारत में 24 अप्रैल 1993 व राज० में 23 अप्रैल 1994 में लागू हुआ। इसके तहत अनुच्छेद 243(A) में ग्राम सभा का उल्लेख है। ग्राम सभा में उस ग्राम पंचायत के सभी पंजीकृत मतदाता शामिल होते हैं। इसकी वर्ष में चार बैठक करना अनिवार्य है :- 26 जनवरी, 2 अक्टूबर

व 26 जनवरी को। * ग्रामसभा की गणपूर्ति के लिए 1/10 सदस्यों का होना आवश्यक है। * ग्रामसभा को मनरेगा की सामाजिक ऑडिट करने का अधिकार भी दिया गया है। इसके अलावा गौण खनिज, लघु वन उपज, प्राथमिक चिकित्सा, प्राथमिक शिक्षा, कृषि, मुर्गीपालन, भूमि सुधार, सिंचाई आदि क्षेत्रों में भी ग्राम सभा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ग्रामसभा में ग्रामसेवक, सरपंच व वार्डपंच महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह ग्राम पंचायत के कार्यों की जांच करती है, तथा ग्राम विकास के लिए योजना तैयार करने में सहयोग करती है।

सुझाव :- * इसे अधिक से अधिक विषय सौंपे जाए। * लोगों में जागरूकता फैलायी जाए * ज्यादा से ज्यादा लोगों को ग्राम सभा की बैठक में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। * वित्तीय शक्तियाँ भी दी जाए। * वृक्षारोपण, आवास, चिकित्सा, शिक्षा के क्षेत्र में भूमिका बढ़ायी जाए। * महिलाओं की भागीदारी बढ़ायी जाए। * नियमित बैठकों का आयोजन किया जाए।

4(Four)
(Q.Unit-I-C-14)

## Unit – II
## (यूनिट – II)

(65 Marks)
(65 अंक)

### Part – A
### भाग – अ

Marks : 10
अंक : 10

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **15 - 15** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं।

1. What is the difference between Unity of Command and Unity of Direction?
आदेश की एकता एवं निर्देश की एकता में क्या अंतर है?

आदेश की एकता से तात्पर्य है, अधीनस्थ को एक ही उच्चाधिकारी से आदेश प्राप्त होना चाहिए।

शास्त्रीय विचारक समर्थक, जबकि टेलर ने इसे सैनिक प्रकार की चौधराहट कहा। * निर्देश की एकता से तात्पर्य है, वन हेड वन प्लान अर्थात् एक प्रकार की योजना को एक ही व्यक्ति द्वारा निर्देशित किया जाना चाहिए। (फेयोल ने निर्देश की एकता पर बल दिया)

1.5(One½) (Q.Unit-II-A-1)

2. Explain managerial view about the nature of administration.
प्रशासन की प्रकृति के सम्बन्ध में प्रबंधकीय दृष्टिकोण को स्पष्ट कीजिए।

लूथर गुलिक ने दिया।
P → Planning (नियोजन) → अर्थात् प्रभावी नियोजन
O → Organizing (
S → Staffing
D → Directing
Co → Coordination
R → Reporting
B → Budgeting

इस सिद्धांत के अनुसार केवल POSDCoRB से संबंधित कार्य करने वाले कर्मचारी व अधिकारी ही प्रशासन में सम्मिलित होते हैं। * यह संकुचित दृष्टिकोण है। * मानवीय तत्वों पर बल नहीं देता।

1(One) (Q.Unit-II-A-2)

3. What is Vote on Account?
लेखानुदान क्या है?

संविधान के अनुच्छेद 116 में वर्णित है। इसके अनुसार विनियोग विधेयक पारित होने तक सरकार को अपने खर्चे चलाने की आवश्यकता होती है। यह कुल बजट का लगभग 1/6 होता है। क्योंकि वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से शुरू होता था, और पहले बजट पास मई के आस-पास होता था।
→ वर्तमान में इसकी आवश्यकता नहीं पड़ती है। क्योंकि बजट फरवरी के प्रथम दिवस को पेश कर दिया जाता है, जिससे अप्रैल से पहले पास हो जाता है।

1.5(One½) (Q.Unit-II-A-3)

4. Define Corporate Social Responsibility.
कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व को परिभाषित कीजिए।

इसमें कॉर्पोरेट क्षेत्र का समाज व पर्यावरण के प्रति उत्तरदायित्व सुनिश्चित किया जाता है। भारतीय कम्पनी अधि-

2013 की धारा 135 के अनुसार :-
(i) यदि किसी कम्पनी का वार्षिक टर्नओवर 1000 करोड़ या उससे अधिक हो।
(ii) उसकी Net worth 500 करोड़ या उससे अधिक हो।
(iii) शुद्ध वार्षिक लाभ 5 करोड़ या अधिक हो।
तो उसे अपने तीन वर्ष के लाभ का 2% समाज कल्याण के लिए खर्च करना होता है।

2(Two)
(Q.Unit-II-A-4)

5. What is Formal Delegation?
औपचारिक प्रत्यायोजन क्या है?

यह लिखित होता है, तथा निश्चित प्रक्रिया, नियमों के अनुसार किया है। * इसमें सत्ता कार्य उत्तरदायित्व स्पष्टतः परिभाषित करके प्रत्यायोजित किए जाते हैं।

2(Two)
(Q.Unit-II-A-5)

**Part – B**
**भाग – ब**

**Marks : 25**
**अंक : 25**

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.
**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **50 - 50** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक निर्धारित हैं।

6. Mention various forms of judicial control over administration.
प्रशासन पर न्यायिक नियंत्रण के विभिन्न रूपों का उल्लेख कीजिए।

(I) करारोपण के विरुद्ध अपील: इसके अनुसार सरकार अनुच्छेद 265 के अतिरिक्त करारोपण नहीं कर सकती।
(II) कार्यपालिका के व्यवस्थापन को असंवैधानिक घोषित करना :- अनुच्छेद 123 के तहत बनाए गए कानून यदि असंवै. है, तो

शून्य घोषित कर सकती है, न्यायपालिका। (iii)

(iii) प्रत्यायोजित विधायन को शून्य घोषित कर देना।

(iv) सरकार विरोधी अभियोग – अनुच्छेद 300 के तहत

(v) प्रशासनिक निर्णय के विरुद्ध अपील

(vi) इसके अलावा न्यायपालिका 5 प्रकार की रिट जारी कर सकती है :- (a) बंदी प्रत्यक्षीकरण (b) परमादेश (c) उत्प्रेषण (d) प्रतिषेध (e) अधिकार पृच्छा

सीमाएं :- निर्णय विलम्बित, * स्वतः संज्ञान नहीं * जटिल प्रक्रिया।

3.5(Three½)
(Q.Unit-II-B-6)

7. Enlist major difference between conventional and development administration.
परम्परागत एवं विकास प्रशासन के मध्य प्रमुख अन्तर की परिगणना कीजिए।

| परम्परागत प्रशासन | विकास प्रशासन |
|---|---|
| * यह यथास्थिति निर्देशित है। | * यह परिवर्तन निर्देशित है। |
| * यह केन्द्रीकृत है। | * यह विकेन्द्रीकृत है। |
| * यह कठोर पदसोपान का समर्थन करता है। | * यह पदसोपान में लचीलेपन का समर्थक है। |
| * इसके उद्देश्य सरल हैं। | * इसके उद्देश्य जटिल हैं। |
| * यह नियामकीय प्रवृत्ति का है। | * यह सामाजिक, आर्थिक कल्याण के लिए कार्य करता है। |

3(Three)
(Q.Unit-II-B-7)

8. Differentiate between Secretariat and Directorate.
सचिवालय एवं निदेशालय में भेद कीजिए।

| सचिवालय | निदेशालय |
|---|---|
| * यह शीर्षस्थ संस्था है। | * यह अपेक्षाकृत अधीनस्थ संस्था है। |
| * इसका प्रधान सचिव होता है। | * इसका प्रधान निदेशक होता है। |
| * यह नीति निर्धारण व निर्माण का कार्य करता है। | * यह नीतियों के क्रियान्वयन का कार्य करता है। |

| सचिवालय | निदेशालय |
| --- | --- |
| * इसमें सामान्यज्ञ कार्यकरते है) | * इसमें विशेषज्ञ बैठते है) |
| * यह मंत्रियों से प्रत्यक्षत: जुड़ा हुआ। | * यह नही जुड़ा है) |
| * मंत्रियों को नीतियों से संबंधी सलाह | * तकनीकी सलाह देते है) |

5(Five)
(Q.Unit-II-B-8)

9. Analyze the impact of lateral entry system in higher civil services.
उच्च लोक सेवाओं में पार्श्विक प्रवेश (लेटरल एण्ट्री) के प्रभाव का विश्लेषण कीजिए।

लोकसेवा में हाल ही में केन्द्र सरकार द्वारा बिना भर्ती प्रक्रिया के संयुक्त सचिव के पदों पर विशेषज्ञों की नियुक्ति की गई।

+ve
→ विशेषज्ञता को बढ़ावा
→ विकास प्रशासन पर कार्य
→ जनकल्याण सुनि. होना।
→ तकनीकी क्षेत्र में विकास को बढ़ावा)

−ve
→ वर्तमान कार्यरत अधिकारियों के मनोबल में कमी)
→ भर्ती प्रक्रिया का उल्लंघन
→ पारदर्शिता की कमी)
→ राजनीतिक हित अधिक

3(Three)
(Q.Unit-II-B-9)

10. Discuss the jurisdiction of Lokayukta in Rajasthan.
राजस्थान में लोकायुक्त के क्षेत्राधिकार की विवेचना कीजिए।

क्षेत्राधिकार में:- मंत्री, लोकसेवक, सचिव, पंचायत समितियों के प्रधान व उपप्रधान, यूआईटी के चेयरमैन, नगर परिषद, नगरनिगम के सभापति व महापौर, जिला प्रमुख, उपजिला प्रमुख

4(Four)
(Q.Unit-II-B-10)

~~क्षेत्राधिकार से बाहर :-~~ मुख्यमंत्री, राज्यपाल, सचिवालय के अधिकारी, विधानसभा के कर्मचारी व अधिकारी, महालेखाकार, राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्य व अध्यक्ष, विधायक, सरपंच, पंच। ~~सुझाव :- इसका क्षेत्राधिकार बढ़ाया जाना चाहिए ताकि सुशासन स्थापित हो।~~

## Part – C

## भाग – स

**Marks : 30**

**अंक : 30**

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **100** words each. Each question carries **10** marks.

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **100 - 100** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **10** अंक निर्धारित हैं।

11. Evaluate the salient features of the Rajasthan Right to Hearing Act, 2012.
राजस्थान सुनवाई का अधिकार अधिनियम, 2012 की प्रमुख विशेषताओं का मूल्यांकन कीजिए।

1 Aug. 2012 को राजस्थान जन सुनवाई अधिकार अधि. 2012 लागू हुआ। * इसमें उन सेवाओं व विभागों को रखा गया है, जो राजस्थान लोकसेवा गारंटी अधिनियम में शामिल नहीं है। * इसके तहत सुगम केन्द्रों की स्थापना का प्रावधान

0.5(Zero½)
(Q.Unit-II-C-11)

* उपखण्ड स्तर पर शिकायत व सतर्कता समिति का प्रावधान, जिसका अध्यक्ष - उपखण्ड अधिकारी होगा।

0.5(Zero½)
(Q.Unit-II-C-11)

* इसमें सुनवाई के तीन स्तर हैं :-

(I) जन सुनवाई अधिकारी :- * शिकायत नि:शुल्क की जाएगी। * 15 दिवस के भीतर शिकायत का निवारण होगा।

(II) प्रथम अपील अधिकारी :- 30 दिवस में अपील की जा सकेगी। 21 दिवस में शिकायत का निपटारा होगा।

1.5(One½)
(Q.Unit-II-C-11)

(III) तृतीय स्तर पर द्वितीय अपील अधिकारी :- इसे भी 30 दिवस के भीतर अपील की जा सकेगी।

0.5(Zero½)
(Q.Unit-II-C-11)

द्वितीय अपील अधिकारी को शिकायत का निपटारा 21 दिवस के भीतर करेगा।
* इस अधिनियम के तहत 500रु. से लेकर अधिकतम 5000/- तक के जुर्माने का प्रावधान।

महत्व :- * सेवाओं की समयबद्ध उपलब्धता * सुशासन को बल * लोगों में अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी * सरकारी सेवा में मितव्ययता व पारदर्शिता में वृद्धि।

कमियाँ :- यह अधिनियम लोकसेवा गारंटी अधिनियम का पूरक मात्र है * जुर्माने की राशि बहुत कम है * लोगों में जनजागरूकता का अभाव। * सुगम केन्द्रों की स्थापना नहीं की गई है। * जनसुनवाई अधिकारी अनुपस्थित रहते हैं।

सुझाव :- जनजागरूकता को बढ़ावा * सुगम केन्द्रों की स्थापना * जुर्माने की राशि में वृद्धि की जाय।

12. "The aim of good governance and morality in civil services can be achieved through following the Gandhi's Seven Social Sins concept." Analyze.
"सुशासन तथा लोक सेवाओं में नैतिकता के लक्ष्य गाँधीजी द्वारा बतायी गयी सात सामाजिक बुराइयों की अवधारणा को जानकर प्राप्त किए जा सकते हैं।" विश्लेषण कीजिए।

गांधीजी ने सात पापों का उल्लेख किया है :-
(I) सिद्धांत विहीन राजनीति (II) नैतिकता विहिन व्यापार (III) त्याग विहीन पूजा (IV) श्रम विहीन धन (IV) ~~नैतिकता~~ चरित्र विहीन ज्ञान (V) मानवता विहीन विज्ञान (VI) अंतरआत्मा विहीन सुख
* यदि एक लोकसेवक इन सात बुराइयों के परिणामों को समझता है, तो उसके नैतिक चरित्र

0.5(Zero½)
(Q.Unit-II-C-11)
0.5(Zero½)
(Q.Unit-II-C-11)
1.5(One½)
(Q.Unit-II-C-11)

का विकास होता है। नैतिकविहीन व्यापार अर्थात् ~~क्या~~ एक व्यवसायी को अपनी व्यावसायिक आचरण संहिता का पालन करते हुए व्यापार करना चाहिए। * उसी प्रकार एक राजनेता के कुछ सिद्धांत होते हैं - जैसे - जनकल्याण, लोकसंग्रह आदि, यदि वह इनका पालन करता है, सुव्यवस्था स्थापित होती है उसी प्रकार एक श्रमिक को चोरी, आलस्य आदि का भाव त्यागकर धन अर्जित करना चाहिए। यहाँ श्रमिक के अर्थ में लोकसेवक को यह शिक्षा लेनी चाहिए, कि उसे अपना कर्तव्य पालन पूर्ण ईमानदारी से पालन करना चाहिए तथा रिश्वत नहीं लेनी चाहिए। * इसी प्रकार विज्ञान का औचित्य तभी है, जब वह मानव कल्याण के लिए हो, इसे अपनाकर ~~निः~~ निशस्त्रीकरण को बढ़ावा दिया जा सकता है। * लोकसेवक का चारित्रिक स्तर भी उच्च होना चाहिए, क्योंकि चरित्रविहीन ज्ञान का कोई औचित्य नहीं है। * जिस प्रकार पूजा में त्याग की भावना आवश्यक है, उसी प्रकार लोकसेवक को अपने कर्तव्य पालन को पूजा समझते हुए त्याग व समर्पण भाव से उसका निर्वहन किया जा सकता है। * इन पापों के विपरीत पक्ष को अपनाकर एक लोकसेवक सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, वस्तुनिष्ठा, राजनीतिक तटस्थता, निष्पक्षता, कर्तव्यनिष्ठा से कर्तव्य संपादन कर सकता है। और यही गुण सुशासन के आधार हैं। इन्हीं गुणों को ध्यान में रखकर केंद्रीय सिविल सेवा आचरण नियम - 1955, अखिल भारतीय सिविल सेवा आचरण नियम - 1954, द्वितीय प्र. सुधार आयोग (आचार नीति का गठन)

13. Analyse the roles of the District Collector vis-a-vis Superintendent of Police in maintaining the law and order in a district.
किसी जिले में कानून एवं व्यवस्था के संधारण हेतु जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक की भूमिकाओं का विश्लेषण कीजिए।

भारतीय पुलिस अधिनियम 1861 के तहत जिले में ~~शांति~~ कानून व व्यवस्था बनाए रखने का उत्तरदायित्व जिला कलेक्टर

6(Six)
(Q.Unit-II-C-12)

का होता है, और पुलिस अधीक्षक इस कार्य में
जिला कलक्टर का सहयोग करता है। इसके Sec. (33) के
अनुसार) तथा इसके Sec. (14) के अनुसार
पुलिस अधीक्षक जिला पुलिस का मुखिया होता है।

जिला कलक्टर की भूमिका :-
(I) दण्डनायक :- जिला कलक्टर जिले में शांति व्यवस्था
बनाए रखने के लिए धारा 144 लागू करता है। * रात्रि में
पोस्टमार्टम की अनुमति देता है। * विदेशियों के पासपोर्ट
की जांच करता है। * शस्त्र लाइसेंस प्रदान करता है।
* जेलों का निरीक्षण करता है। * जिले की आपराधिक
रिपोर्ट सरकार को प्रेषित करता है। *
(II) प्रोटोकॉल संबंधी कार्य :- * मंत्री, व अन्य विशिष्ट
लोगों की सुरक्षा व स्वागत करना।
(III) नियामकीय कार्य :- भ्रष्टाचार, राशन की दुकानों,
आपराधिक घटनाओं आदि पर छापे मारता है व नियंत्रण
रखता है।
इसके अलावा ~~(IV)~~ कलक्टर के अन्य कार्य भी हैं :-
(I) प्रशासनिक कार्य में (II) निर्वाचन के कार्य (III) [illegible]

पुलिस अधीक्षक :- * जिला पुलिस बल पर नियंत्रण रखना।
* हड़ताल, जुलूस की अनुमति प्रदान करना * गंभीर
अपराध की स्थिति में घटनास्थल का दौरा करना
* जिले में संगठित अपराध रोकना * राज्यस्तरीय
पुलिस कार्यक्रम का संचालन उदा. ~~योग~~ * ~~SE~~ इंस्पेक्टर तक के
जिले में स्थानांतरण करना * जिले की आपराधिक रिपोर्ट
पुलिस मुख्यालय को भेजना।
→ इस प्रकार जिले में पुलिस अधीक्षक व जिलाधीश
शांति व्यवस्था बनाने में टीमवर्क के रूप में काम करते हैं।

कमियाँ :- कलक्टर के कार्य भार में वृद्धि होती है। * बार-बार
पुलिस अधिकारियों को कलक्टर ऑफिस जाना पड़ता है। * पुलिस
अधिकारियों का मनोबल गिरता है।
सुझाव :- कमिश्नर मजिस्ट्रेट प्रणाली का विस्तार ताकि
पुलिस अधी. को नियामकीय शक्तियाँ। * मनोबल बढ़े *

6.5(Six½)
(Q.Unit-II-C-13)

(Unit – III) (Section – A) (20 Marks)

(यूनिट – III) (सेक्शन – A) (20 अंक)

**Part – A** **Marks : 10**

भाग – अ अंक : 10

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **15 - 15** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं।

1. Name the award for excellence in sports in Rajasthan given annually and write the hierarchy of its selection committee.
राजस्थान में खेलों में उत्कृष्टता के लिए वार्षिक रूप में दिए जाने वाले पुरस्कार का नाम लिखते हुए इसकी चयन समिति का पदानुक्रम लिखिए।

महाराणा प्रताप पुरस्कार – 1982 से शुरु
प्रशस्ति पत्र, 1 लाख रुपये, ब्लेजर मय टाई, कांस्य मूर्ति
→ 6 सदस्यीय चयन समिति की सिफारिश पर

0.5(Zero½)
(Q.Unit-III-A-1)

2. Write the types of yoga according to Yograj Upanishad.
योगराज उपनिषद के अनुसार योग के प्रकार लिखिए।

यम नियम, आसन, प्राणायाम, धारणा,
ध्यान समाधि

0 (Zero)
(Q.Unit-III-A-2)

3. Write the contribution of Sh. Magan Singh Rajvi in Rajasthan sports.
राजस्थान के खेलों में श्री मगनसिंह राजवी के योगदान को लिखिए।

राजस्थान में खेलों को बढ़ावा देने में इन्होंने राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की स्थापना में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही प्रशिक्षण में भी महत्वपूर्ण मार्गदर्शन

✗

0 (Zero)
(Q.Unit-III-A-3)

4. Name any 4 sports academies governed by Rajasthan State Sports Council.
राजस्थान राज्य खेल परिषद द्वारा संचालित किन्हीं चार खेल अकादमियों के नाम लिखिए।

बॉलीबॉल अकादमी - जयपुर
तीरंदाजी अकादमी - जयपुर
हॉकी अकादमी - उदयपुर
स्क्वैश अकादमी - जयपुर ✗

0 (Zero)
(Q.Unit-III-A-4)

5. Name the paraplayers and their sports who were awarded Major Dhyanchand Khel Ratan Award in 2021.
मेजर ध्यानचंद खेल रतन पुरस्कार 2021 से सम्मानित पैरा–खिलाड़ियों के नाम उनके खेल सहित लिखिए।

अवनी लेखरा (शूटिंग) — पैरा ओ. में गोल्ड व कांस्य
सुमित अंतिल (जेवेलिन थ्रो) — " गोल्ड
कृष्णा नागर (बैडमिंटन) " गोल्ड
प्रमोद भगत (बैडमिंटन) " गोल्ड
मनीष नरवाल (शूटिंग) " गोल्ड

2 (Two)
(Q.Unit-III-A-5)

Paper-III



## Part – B
## भाग – ब

**Marks : 10**
**अंक : 10**

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **50 - 50** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक निर्धारित हैं।

6. What is the significance of scientific backup to sports person in National Sports Policy?
राष्ट्रीय खेल नीति में खिलाड़ियों के वैज्ञानिक पूर्तिकर का क्या महत्त्व है?

खिलाड़ियों को प्रशिक्षण वैज्ञानिक विधि से
दिया जाए। खेल में नवीन तकनीक का समावेश,
खेल उपकरणों में नवीनता, खेल ग्राउंड अच्छे हों,
खेल विधि में उच्च प्रशिक्षण, विदेशी कोचों
की भी सहायता ताकि प्रदर्शन बेहतर हो।
खेल में वैज्ञानिक मशीनों व तकनीकों के प्रयोग को बढ़ावा
देना। राष्ट्रीय खेल नीति 2001 में वैज्ञानिक विधि को
बढ़ावा

1(One)
(Q.Unit-III-B-6)

7. What is rehabilitation in sports? Define TENS therapy.
खेलों में पुनर्स्थापन क्या है? टी.ई.एन.एस. चिकित्सा को परिभाषित कीजिए।

खेलों में पुनर्स्थापन से तात्पर्य है, खिलाड़ी को चोट
लगने के पश्चात् पुनः चोट पूर्व स्थिति में लाना।
उद्देश्य :– चोट का प्रभाव कम करना, मनोवैज्ञानिक रूप से सक्षम बनाना
चोट का दोहराव रोकना

0.5(Zero½)
(Q.Unit-III-B-7)

(Unit – III) (Section – B) (20 Marks)

(यूनिट – III) (सेक्शन – B) (20 अंक)

## Part – A
भाग – अ

Marks : 10
अंक : 10

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **15 - 15** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं।

1. What is meant by Emotional Intelligence?
संवेगात्मक बुद्धि से क्या आशय है?

* स्वयं व दूसरों के संवेगों को समझना, विभेदन करना तथा अपने संवेगों को नियंत्रित व प्रबंधित करते हुए व्यवहार करने की योग्यता ही संवेगात्मक बुद्धि है।
* पीटर सैलोवी PUUM मॉडल डेनियल गोलमैन ने भी आत्मजागरूकता, आत्म अभिप्रेरणा, आत्मनियमन, समानुभूति (सामाजिक कौशल)

1(One)
(Q.Unit-III-A-1)

2. Which are the big five factors of personality?
व्यक्तित्व के बृहद् पाँच कारक कौन से हैं?

पॉलकास्टा व मैक्रे ने व्यक्तित्व का पंचकारक मॉडल दिया।
(i) खुलापन – नये अनुभवों विचारों के प्रति उदारता, उत्सुकता
(ii) सहमतिशीलता – सहयोग करने का भाव
(iii) बहिर्मुखी :- बातूनीपन, मिलनसार, समूह संबंध
(iv) अन्तर्विवेकशीलता :- उपलब्धि उन्मुख, दूरदर्शी
(v) तंत्रिकातापी :- दुश्चिंता, चिड़चिड़ापन

2(Two)
(Q.Unit-III-A-2)

3. Write about the three stages of memory.
स्मृति की तीन अवस्थाओं के बारे में लिखिए।

सूचना → [संवेदी स्मृति: भण्डारण क्षमता - बृहद्, अवधि - 1 sec., दृष्टि, श्रव्य] → चयनात्मक अवधान → [अल्पकालिक स्मृति: भण्डारण क्षमता - कम, अवधि - 30 sec.] → विस्तारपूर्वक अभ्यास → [दीर्घकालिक स्मृति: अवधि - अनंतकाल, क्षमता - असीमित]

0.5(Zero½)
(Q.Unit-III-A-3)

पहले सूचना संवेदी स्मृति में दृष्टि व श्रव्य आदि के माध्यम से जाते हैं, फिर चयनात्मक अवधान के माध्यम से अल्पकालिक स्मृति में फिर विस्तारपूर्वक अवधान से दीर्घकालिक मे

4. Mention the sources of stress.
तनाव के स्त्रोत बताइए।

(I) जीवन घटनाएं :- वे घटनाएं जो हमारे जीवन में उथल पुथल मचा देती है। उदा· दीर्घकालिक संबंध विच्छेद, नये घर में प्रवेश

(II) परेशान करने वाली घटनाएं :- अत्यधिक शोर, कोलाहलपूर्ण माहौल

(III) अभिघात जन्य घटनाएं :- भूकंप, आपदा, सुनामी आदि के कारण। दीर्घकाल में प्रभाव परिलक्षित, दुस्वप्न बने रहते है।

1.5(One½)
(Q.Unit-III-A-4)

5. Define intelligence.
बुद्धि को परिभाषित करिये।

दैनिक जीवन में विभिन्न चुनौतियों का सामना करना, तथा अपने व्यवहार को निर्देशित करते हुए अपने आपको उनसे निपटने में सक्षम बनाना।

0.5(Zero½)
(Q.Unit-III-A-5)

## Part – B
भाग – ब

**Marks : 10**
अंक : 10

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

नोट : सभी प्रश्नों का उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **50 - 50** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक निर्धारित हैं।

6. Describe the major projective measures of personality.
व्यक्तित्व के प्रमुख प्रक्षेपीय मापों का वर्णन करिये।

(I) रोर्शा स्याही इंकब्लॉट टेस्ट :- इसमें 10 कार्ड होते है, जिनके मध्य स्याही के धब्बे बने होते है। 5 कार्ड काले व सफेद 3 पेस्टल रंग के, 2 लाल। इसमें दो चरण है : (I) निष्पादन चरण इसमें व्याख्या करते है (II) पूछताछ :- कब, कहां कैसे यह पूछते है)

(II) आरेखन विधि :- इसमें कागज, पेंसिल व रबर दिया जाता है, तथा व्यक्ति का अंकन करवाया जाता है।

(III) अपूर्ण वाक्य विधि :- अर्द्धप्रक्षेपी तकनीक, उदा· - मेरे पिता - - -

2(Two)
(Q.Unit-III-B-6)

(IV) T.A.T. :- मोर्गन मुर्रे द्वारा विकसित, 30 चित्र व 1 खाली कार्ड कहानी लिखवाई जाती है। जिसके आधार पर अचेतन मन।

(V) रोमांटिक व्यक्तिगत कुण्ठा :- व्यक्ति की कुण्ठाएँ (सेक्स), आक्रामक चित्रों के माध्यम से।

7. Explain the strategies of stress management.
तनाव प्रबन्धन की युक्तियों को समझाइए।

(I) विश्रांति तकनीक :- मन व शरीर को शिथिल, गहरे श्वास प्राणायाम

(II) सर्जनात्मक मानस प्रत्यक्षीकरण :- कल्पनाओं के माध्यम से तनाव प्रबंधन

(III) व्यायाम द्वारा :- नियमित व्यायाम से रक्तप्रवाह बेहतर व हृदय दुरुस्त

(IV) बायोफीडबैक :- शरीर के क्रियात्मक पक्ष के प्रति जागरूकता विकसित कर नियंत्रित किया जाता है। हृदयगति श्वसनगति

(V) संज्ञानात्मक व्यावहारिक तकनीक :- नकारात्मक व अतार्किक विचारों को तार्किक विचारों में बदलाव - पुनर्बलन तकनीक व अनुवर्ती कार्यवाही

3.5(Three½)
(Q.Unit-III-B-7)

**(Unit – III) (Section – C)** **(20 Marks)**
(यूनिट – III) (सेक्शन – C) (20 अंक)

**Part – A** **Marks : 10**
भाग – अ अंक : 10

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 15 - 15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।

1. What is the difference between 'perfect' and 'imperfect' right?
'पूर्ण' एवं 'अपूर्ण' अधिकार के मध्य क्या अंतर है?

पूर्ण अधिकारों का हनन होने पर इसके उपचारों का प्रावधान होता है, जैसे - मूल अधिकार जबकि अपूर्ण अधिकारों का हनन होने पर उपचार का प्रावधान नहीं।

1.25(One¼)
(Q.Unit-III-A-1)

2. Define the expression 'right to information' as used in the Right to Information Act, 2005.
सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 में प्रयुक्त अभिव्यक्ति 'सूचना का अधिकार' को परिभाषित कीजिए।

→ किसी भी दस्तावेज की प्रतिलिपि प्राप्त करना
→ प्रमाणित प्रतिलिपि प्राप्त करना।

→ सरकारी निर्माण सामग्री का नमूना प्राप्त करना।
→ इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज की प्रिंटेड प्रति प्राप्त करना।
→ दस्तावेज की जांच करना → टिप्पणी लेना)

0.75(Zero¾)
(Q.Unit-III-A-2)

3. Write down the meaning of 'Sexual harassment' mentioned under the Sexual Harassment of Women at Workplace (Prevention, Prohibition and Redressal) Act, 2013.
महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के अंतर्गत उल्लिखित "लैंगिक उत्पीड़न" का अर्थ लिखिए।

लैंगिक आशय से स्पर्श करना, अश्लील इशारे करना, कार्यस्थल पर शत्रुतापूर्ण वातावरण उपलब्ध करवाना, यौन अनुग्रह की मांग, पदोन्नति का लालच देकर यौन अनुग्रह की मांग, लैंगिक आशय से धमकी देना, अश्लील सामग्री दिखाना

1.25(One¼)
(Q.Unit-III-A-3)

4. Define the term 'relative' as per the Maintenance and Welfare of Parents and Senior Citizens Act, 2007.
माता–पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण–पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 के अनुसार 'नातेदार' पद को परिभाषित कीजिए।

नातेदार :- ऐसा व्यक्ति, जिसे वरिष्ठ नागरिक ने सम्पत्ति में हिस्सा दिया हो, या वरिष्ठ नागरिक की सम्पत्ति का वारिस हो, लेकिन इसमें 'अवयस्क' शामिल नहीं है।

0.5(Zero½)
(Q.Unit-III-A-4)

5. Define the term 'Nazul Land'.
'नजूल भूमि' पद की परिभाषा दीजिए।

गांव, नगरपालिका, पंचायत आदि में आने वाली ऐसी आबादी भूमि जो सरकार के अधीन हो।

1.5(One½)
(Q.Unit-III-A-5)

Paper-III 

**Part – B**
**भाग – ब**

**Marks : 10**
**अंक : 10**

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **50 - 50** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक निर्धारित हैं।

6. State the contents of "Record of Rights" under the Rajasthan Land Revenue Act, 1956.
राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 में "अधिकार अभिलेख" की अन्तर्वस्तु बताइए।

यह भू-सर्वेक्षण कार्य के दौरान तैयार किया गया दस्तावेज है, जिसमें खेवट, खतौनी आदि का विवरण दर्ज होता है।
इसमें अभिधारियों, भूसम्पत्तिधारियों आदि के अधिकारों, भूमि का विवरण, मूल्य का ~~विवरण~~ विवरण, जोत का आकार आदि सूचनाओं का विवरण दर्ज होता है।

2(Two)
(Q.Unit-III-B-6)

7. Explain the term 'Sexual assault' as mentioned in the Protection of Children from Sexual Offences Act, 2012.
लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 में उल्लिखित 'लैंगिक हमला' पद का वर्णन कीजिए।

लैंगिक हमला से आशय है, बालक के गुप्तांगों को लैंगिक आशय से स्पर्श करना, उसके वक्षस्थल व निजी अंगों को स्पर्श करना या छेड़छाड़ करना। बालक को स्वयं अपने लैंगिक अंगों के साथ छेड़छाड़ करने के लिए कहना।

1.5(One½)
(Q.Unit-III-B-7)